RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 26 • 09:02:2024 • शुक्रवार • मूल्य : 5/-




## नवरात्र से श्रीरामलला के पूजन, श्रृंगार और भोग में बदलाव

### 56 भोग में सात्विक आदिवासी भोजन भी होगा, पुजारियों के लिए बदला जाएगा ड्रेस कोड

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या के श्रीराम मंदिर में श्रीरामलला श्रृंगार, अर्चना, भोग, पहनावे आदि में बदलाव लाने की तैयारी की जा रही है। भगवान राम को कंदमूल, बेर सहित कई तरह के आदिवासी भोजन प्रिय थे। इसलिए, उनके 56 भोग में जंगल और आदिवासियों की भोजन सामग्री शामिल की जाएगी। पुजारियों के लिए भी नया ड्रेस कोड होगा। वे पीली चौबंदी, सफेद धोती और केसरिया पटका पहनेंगे।

धर्मशास्त्रों के अनुसार, पुजारियों को ऐसे वस्त्र नहीं पहनने चाहिए, जिनमें पांव या सिर डालना होता है। अभी पुजारी केसरिया कुर्ता और धोती पहनते हैं। नई पूजा-अर्चना, श्रृंगार में उत्तर और दक्षिण भारत के मंदिरों की परंपराओं का समन्वय दिखाई देगा। पूजा पद्धति के लिए खास पुस्तक भी तैयार कराई गई है। इसमें उत्तर और दक्षिण भारतीय परंपराओं



के अनुसार श्रीरामलला की अर्चना के लिए स्तुतियों को लिखा गया है। नीतिगत रूप से अर्चनाओं का क्रम तय हो गया है। कुछ प्रशिक्षुओं को मंदिर में पुजारियों के साथ लगाया गया है। गर्भगृह में पूजा की जिम्मेदारी देने के पहले उन्हें कई तरह के प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। श्रीरामलला की अष्टयाम सेवा के लिए पुजारियों का समूह बनाकर अलग-अलग समय के पूजन की जिम्मेदारी दी जाएगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट इन बदलावों को चैत्र नवरात्र से लाएगा। प्रतिष्ठा के बाद से हर दिन लाखों श्रद्धालु मंदिर में दर्शन करने आ रहे हैं। श्रद्धालुओं की भारी संख्या, कपाट खुलने और बंद होने का समय देखते हुए ट्रस्ट और योग्य पुजारियों की भर्ती करने पर भी विचार कर रहा है। इस बीच प्रशिक्षण पा रहे 21 नए पुजारियों ने भी परीक्षा पास कर ली है। ट्रस्ट पुजारियों को हर महीने 32 हजार रुपए वेतन देता है। अभी मंदिर में एक मुख्य पुजारी के साथ पांच पुजारी हैं। मंदिर के परकोटे में छह और परिसर में सात नए मंदिर तैयार हो रहे हैं। इनके लिए भी पुजारियों की जरूरत होगी।

## पैलेस ऑन व्हील्स ट्रेन से सफर करना अब होगा ज्यादा महंगा

- **किराए में 1 लाख रुपए तक की बढ़ोतरी, बच्चों को 50 के बजाय 25 फीसदी छूट मिलेगी**

**जयपुर (एजेंसी)।** अयोध्या में बने श्रीराम के भव्य मंदिर के दर्शन के लिए अब रॉयल ट्रेन पैलेस ऑन व्हील्स में रूट में भी थोड़ा परिवर्तन किया जा रहा है। रामलला के दर्शन के लिए अब पैलेस ऑन व्हील्स अयोध्या भी जाएगी।

पीक सीजन मई में शुरू होने वाले प्लान के मुताबिक देसी सैलानियों के साथ विदेशी सैलानी भी रामलला के दर्शन कर सकेंगे। रेलवे की ओर से यह फैसला लिया जा चुका है। नए रूट के लिए राजस्थान की इस रॉयल ट्रेन को और आकर्षक रूप दिया जा रहा है। रॉयल ट्रेन में सफर करने के लिए अब जेब ढीली करनी पड़ेगी।

रेलवे की ओर से किराए को लेकर नया टैरिफ प्लान बनाया जा रहा है। परिवर्तित किराए के मुताबिक पैलेस ऑन व्हील्स के किराए में अब 1 से डेढ़ लाख रुपए की बढ़ोतरी होने वाली है। किराए का नया टैरिफ बनकर तैयार है। राजस्थान पर्यटन विकास निगम (आरटीडीसी) और रेलवे की अनुमति मिलने के बाद नए टैरिफ पर मुहर लग जाएगी। नया किराया शुरू होने वाले नये सीजन में बढ़ा हुआ किराया वसूले जाने की तैयारी की जा रही है।

### पाकिस्तान चुनाव

## रुझानों में नवाज शरीफ, बिलावल भुट्टो आगे

- **पेशावर की सभी सीटों पर पीटीआई समर्थकों को बढ़त**

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में नेशनल असेंबली और प्रांतीय चुनाव के लिए वोटिंग खत्म हो गई है। मतदान सुबह 8.30 बजे शुरू हुआ और शाम 5.30 बजे तक चला। पाकिस्तान में वोटिंग की गिनती के बीच अलग-अलग सीटों से रुझान आने भी शुरू हो गए हैं। आधिकारिक नतीजे 9 फरवरी को घोषित हो सकते हैं। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में कुल 336 सीटें हैं। इनमें से आज 265 सीटों पर चुनाव हो रहा है, जबकि बाकी सीटें रिजर्व हैं। आर्थिक तंगी के बावजूद पिछले 4 चुनावों की तुलना में इस बार का चुनाव सबसे ज्यादा खर्चीला है। करीब 1 हजार करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं। बिलावल भुट्टो लाहौर की 127 सीट से भी आगे हैं। वो लाहौर की सीट जीतकर अपने नाना जुल्फिकार अली भुट्टो की जीत को रिपीट करना चाहते हैं। लाहौर शरीफ खानदान का गढ़ माना जाता है। खैबर पख्तूनख्वा की राजधानी पेशावर में शुरुआती रुझानों में सभी सीटों पर पीटीआई के समर्थन वाले उम्मीदवार आगे चल रहे हैं। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री और पार्टी के लीडर बिलावल भुट्टो कंबर शहादाकोट 196 सीट से आगे चल रहे हैं। वहीं नासिर महमूद पीछे चल रहे हैं।

# राजस्थान के बजट में 70 हजार नई नौकरियों का हुआ ऐलान

- **वित्त मंत्री दीया कुमारी ने पेश किया अंतरिम बजट, मंदिरों के लिए 300 करोड़**
- **सस्ते होंगे चीनी और गुड़, पेट्रोल-डीजल पर कोई राहत नहीं, भूमि कर समाप्त**
- **बिजली बिल पर पेनल्टी माफ, युवा साथी केन्द्र स्थापित किए जाने का भी प्रस्ताव**

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान की वित्त मंत्री दीया कुमारी ने गुरुवार को विधानसभा में अंतरिम बजट पेश किया। इस बजट में उन्होंने 70,000 नई नौकरियां आने का ऐलान किया। इसके अलावा वित्त मंत्री ने मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के तहत 20,000 गांवों मां पांच लाख जल संचयन संरचनाएं तैयार करने की भी घोषणा की। बजट में 31 मार्च 2023 से पहले कटे हुए कृषि बिजली कनेक्शन ग्राहकों को मूल बकाया राशि 6 महीने की किस्तों में जमा करवाने का विकल्प मिलेगा। कृषि श्रेणी के अलावा अन्य कैटिगिरी के ग्राहक अगर पूरा बकाया बिल एक साथ जमा कराते हैं तो उनका ब्याज और पेनल्टी माफ की जाएगी। इस दौरान की गई प्रमुख घोषणाओं में भर्तियां भी हैं। मंत्री ने कहा, ''युवाओं को सम्बल प्रदान कर उनके रोजगार के अधिकाधिक अवसरों का सृजन करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है।

इस क्रम में, युवाओं को रोजगार को आगामी वर्ष में सरकार के अधीन लगभग 70 हजार पदों पर भर्तियां किये जाने की मैं, घोषणा करती हूं। साथ ही, युवाओं की काउंसलिंग और मार्गदर्शन के माध्यम से निजी क्षेत्र में उनके स्वर्णिम करियर निर्माण के लिए राज्य के समस्त



संभाग मुख्यालयों पर युवा साथी केन्द्र स्थापित किये जाने का भी प्रस्ताव है। इस पर 10 करोड़ रुपये खर्च होंगे।'' राजस्थान की वित्त मंत्री ने अंतरिम बजट में विधानसभा क्षेत्रों में स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों की स्थापना, उन्नयन के लिए 1,000 करोड़ रुपये आवंटित करने का प्रस्ताव किया है। राजस्थान में चीनी और गुड़ सस्ते होंगे लेकिन पेट्रोल-डीजल में कोई राहत नही मिलेगी। वित्त मंत्री दीया कुमारी ने बजट में बताया कि महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट डिवेलप करने के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान। जयपुर के गोविंद देव जी मंदिर, बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम, दौसा के महंदीपुर बालाजी मंदिर, पाली के रणकपुर जैन मंदिर, टोंक के डिग्गी कल्याण जी, डूंगरपुर के विनेश्वर धाम, जैसलमेर के रामदेवरा, नागौर के तेजाजी मंदिर, भीलवाड़ा के देव नारायण जी, धौलपुर के मछकुंद, राजसमंद के जलदेवी मंदिर, गोवर्धन परिक्रमा मार्ग रणथंभौर के नेत्रगणेश जी आदि मंदिरों के सौंदर्यीकरण के लिए 300 करोड़ रुपये प्रस्तावित।

## ज्ञानवापी और मथुरा ही नहीं टारगेट पर 3000 मस्जिदें

- **योगी के बयान पर सपा सांसद एसटी हसन का बड़ा दावा**

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को विधानसभा में कहा था कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद अब ज्ञानवापी में नंदी बाबा बैरिकेडिंग तोड़ चुके हैं। इसके अलावा कृष्ण जी भी कहां मानने वाले हैं। इस तरह उन्होंने साफ संकेत दे दिया था कि भाजपा अब अयोध्या के बाद काशी और मथुरा का मसला आगे बढ़ाने वाली है। इन दोनों मामलों पर अदालत पर अर्जियां भी दाखिल हैं। अब योगी आदित्यनाथ के बयान को लेकर सपा सांसद एसटी हसन की भी टिप्पणी आई है। उन्होंने योगी आदित्यनाथ की टिप्पणी को सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाला और चुनावी फायदा उठाने की कोशिश बताया है। संसद सत्र में हिस्सा लेने दिल्ली आए एसटी हसन ने कहा कि इन लोगों के टारगेट पर तो 3 हजार मस्जिदें हैं। सवाल यह है कि आखिर यह सिलसिला कहां जाकर रुकेगा। उन्होंने कहा, हम तो बहुत दिन से कह रहे हैं कि बाबरी मस्जिद का फैसला सुप्रीम कोर्ट ने सुलझा दिया और एक फैसला दे दिया।



## वोट की लड़ाई में राहुल गांधी का पीएम मोदी पर नया तीर

*कहा-जन्म से ओबीसी नहीं है पीएम मोदी, देश को कर रहे गुमराह*



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी की जाति को लेकर उनपर हमला बोला है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही पीएम मोदी ने कांग्रेस पर ओबीसी जातियों की अनदेखी का आरोप लगाया था। कांग्रेस नेता ने कहा कि पीएम मोदी ओबीसी नहीं बल्कि एक सामान्य जाति से ताल्लुक रखते हैं। राहुल ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी अपनी जाति के नाम पर देश को गुमराह कर रहे हैं। ओडिशा में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तीसरे और अंतिम दिन झारसुगड़ा में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी एक ऐसे परिवार में पैदा हुए थे जो सामान्य जाति से संबंध रखता था। राहुल गांधी ने आगे दावा किया कि पीएम मोदी खुद को ओबीसी बताकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। वो तेली समुदाय से आते हैं, जिसे गुजरात में बीजेपी सरकार के कार्यकाल के दौरान 2000 में ओबीसी सूची में शामिल किया गया था। इसलिए, जन्म से मोदी जी ओबीसी नहीं हैं। राहुल ने कहा कि जब भी कोई बीजेपी कार्यकर्ता आपके पास आए, तो उनसे जरूर कहें कि हमारे प्रधानमंत्री ने पूरे देश को ये कहकर गुमराह किया कि वो पिछड़े वर्ग से आते हैं। असल में वो पिछड़े वर्ग में पैदा नहीं हुए, बल्कि सामान्य जाति के हैं। ये बात आप हर बीजेपी कार्यकर्ता को बताएं। गौरतलब है कि पीएम ने खुद को 'सबसे बड़ा ओबीसी' कहा था। उन्होंने कांग्रेस पर पाखंड का आरोप लगाते हुए कहा कि वो पिछड़े वर्ग के नेताओं के साथ दोहरा मापदंड अपनाती है।

### लोकसभा चुनाव के पहले भाजपा का प्लान 'वी'


## अब बिहार में बूथों से विपक्ष को मात देने की तैयारी

**पटना (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही भाजपा चुनावी मोड में है। बीजेपी ने इसको लेकर प्लान वी यानी विलेज (गांव) बनाया है। विरोधियों पर शुरू से ही बढ़त बनाने के मूड के साथ बिहार भाजपा ने गांवों और सभी बूथों तक पहुंचने की योजना बनाई है। इसके तहत बिहार के 45 हजार गांव और 268 नगर पंचायत के अधिकांश मतदान केंद्रों तक भाजपा के नेता और कार्यकर्ता पहुंचेंगे और 24 घंटे तक प्रवास करेंगे। बिहार में गांव चलो अभियान के संयोजक और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि 9 से 11 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान को लेकर लगभग सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस अभियान के तहत 50 हजार से अधिक नेता और कार्यकर्ता प्रदेश के 45 हजार गांवों के 77 हजार मतदान केंद्रों पर 24 घंटे के प्रवास में रहेंगे और लोगों के बीच जाएंगे। इस दौरान कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गरीब कल्याण के लिए किए गए कार्यों की धरातल पर जानकारी लेंगे। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत भाजपा के कार्यों और मोदी सरकार की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाया जाएगा।

# भारत-म्यांमार के बीच फ्री मूवमेंट बंद

### घुसपैठ रोकने के लिए गृह मंत्री शाह का फैसला; बॉर्डर पर फेंसिंग की घोषणा भी की थी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि मंत्रालय ने भारत-म्यांमार के बीच फ्री मूवमेंट रिजीम को खत्म करने का फैसला लिया है। इससे दोनों देशों के बीच बॉर्डर के पास रहने वाले लोगों का फ्री मूवमेंट बंद हो गया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा- भारत की आंतरिक सुरक्षा और नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों की डेमोग्राफी को बरकरार रखने के लिए यह फैसला लिया गया है। इससे पहले अमित शाह ने असम में 20 जनवरी को ऐलान किया था कि भारत-म्यांमार के बीच बॉर्डर की फेंसिंग की जाएगी। दोनों देशों के बीच फिलहाल 1600 किमी लंबी बॉर्डर है। भारत म्यांमार के बीच 1600 किलोमीटर का बॉर्डर है। 1970 में दोनों देशों के बीच फ्री मूवमेंट का एग्रीमेंट हुआ था। इसे ही फ्री मूवमेंट रिजीम कहा जाता है। आखिरी बार इसे 2016 में रिन्यू किया गया था। इससे दोनों देशों के लोगों को एक दूसरे के क्षेत्र में बिना किसी



डॉक्यूमेंट के जाने की इजाजत मिलती है। शाह ने यह घोषणा उस वक्त की है जब म्यांमार में विद्रोही गुटों और सेना के बीच लड़ाई तेज हो रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नवंबर से अब तक भारत में 600 सैनिक घुस आए थे। मिजोरम सरकार ने इस मुद्दे को लेकर केंद्र से मदद मांगी थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जनवरी में म्यांमार से भागे सैनिकों ने मिजोरम के लांग्टलाई जिले के तुईसेंटलांग में असम राइफल्स के पास शरण थी। सैनिकों ने बताया था कि पश्चिमी म्यांमार राज्य के रखाइन में एक हथियारबंद विद्रोही गुट अराकन आर्मी (८) के उग्रवादियों ने उनके शिविरों पर कब्जा कर लिया, जिसके बाद वे भागकर भारत आए। बीते एक दशक में अराकन आर्मी म्यांमार में सबसे ताकतवर विद्रोही गुट बनकर उभरा है। मिजोरम और म्यांमार के चिन प्रांत के बीच 510 किलोमीटर लंबी सीमा है। यंग मिजो एसोसिएशन के सचिव लालनुन्तलुआंगा कहते हैं कि भारत और म्यांमार की सीमा से इधर-उधर जाना आसान है।

## बड़ा दांव ! एनडीए का कुनबा बढ़ाने में जुटी टीम भाजपा

### नीतिश के बाद टीडीपी और अकाली से भी हो रही बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में संसद में अबकी बार 400 पार का नारा दिया है। उन्होंने दावा किया है कि बीजेपी को अकेले 370 से अधिक सीटें आएंगी और एनडीए के घटक



दलों को मिलाकर यह आंकड़ा 400 के पार चला जाएगा। पीएम मोदी के इस नारे को हकीकत बनाने में उनकी पार्टी जुट गई है। क्षेत्रीय दलों से बात की जा रही है और उन्हें एनडीए में शामिल करने के लिए पहल की जा रही है। जेडीयू के साथ गठबंधन होने के बाद भाजपा ने टीडीपी और अकाली दल के साथ बातचीत शुरू कर दी है। वहीं, राष्ट्रीय लोक दल के जयंत चौधरी के साथ बातचीत में लगी हुई है। आपको बता दें कि 2019 में एनडीए छोड़ने वाले टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू बुधवार को दिल्ली पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा के साथ मुलाकात की। इसके बाद आधी रात के आसपास गृह मंत्री अमित शाह के घर पहुंचे। यहां दोनों नेताओं के बीच आगामी राजनीति पर वार्ता हुई। ऐसा माना जाता है कि चंद्रबाबू नायडू से नाराजगी के साथ-साथ उनके प्रतिद्वंद्वी और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी से लगातार मिल रहे समर्थन के कारण बीजेपी अब तक टीडीपी के साथ दोस्ती को अंजाम तक नहीं पहुंचाया है। वहीं, बीजेपी अपने एक और पुराने साथी के संपर्क में है। अकाली दल को दोबारा एनडीए में शामिल कराने पर चर्चा जारी है। आपको बता दें कि अकाली दल ने कृषि बिलों के विरोध में एनडीए छोड़ दिया था। माना जाता है कि अकाली प्रमुख सुखबीर बादल ने पंजाब में गठबंधन के लिए भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी के साथ प्रारंभिक बातचीत की है। पंजाब में दोनों ही पार्टियां संघर्ष कर रही हैं।

## नगर निगम को संवेदक और अधिकारियों की मिलीभगत से करोड़ों का चूना

### बेतिया नगर निगम के होर्डिंग के संवेदक और अधिकारियों की मिलीभगत से नगर निगम को करोड़ों का चूना लगाने का अंदेशा है सच्चाई का पता जाँच के बाद लगेगा पर जाँच करेगा कौन जब दोनों की मिलीभगत हो

चाणक्य भूमि। बेतिया

बेतिया नगर निगम क्षेत्र मे प्रचार के लिये होर्डिंग और बैनर से वसूली के लिये नगर निगम ने संवेदक की नियुक्ति की गई है। परंतु देखा जाय तो जितने होर्डिंग और बोर्ड लगाये गये है उसकी दस प्रतिशत के लगभग ही राशि को जमा किया गया है। शेष राशि का किस तरह बंदरबांट हुआ इसका पता किसी को नहीं है। जबकि लगने वाले सभी होर्डिंग्स से वसूली की जवाबदेही संवेदक की है परंतु नगर निगम के अधिकारियों ने कभी भी यह जानने की कोशिश नहीं की कि यह रकम जा कहाँ रही है। इस सम्बंध में जब संवेदक से जानने की कोशिश की गई तो पहले तो उन्होंने गोल मटोल जवाब दिया और कहा कि लोगों द्वारा उन्हें भुगतान नहीं किया जाता है जबकि वास्तव मे ऐसा नहीं होता जान पड़ता। संवेदक ने बताया कि जो लोग भुगतान नहीं देते उनके बैनर हटाने से नगर निगम पर रोक के कारण वो नहीं हटा पाते। अब आखिर सच्चाई क्या है और दोषी कौन यह तो जाँच का विषय है परंतु यह तो साफ़ है कि अधिकारी और संवेदक की मिली भगत से नगर निगम को एक बड़ी राशि का चूना लगा है।



# जमुई में तालाब की खुदाई में मिली पालकालीन मूर्ति

**जमुई, एजेंसी।** जमुई में भगवान सूर्य की एक पालकालीन मूर्ति मिलने के बाद स्थानीय लोग और प्रशासन आमने-सामने आ गए। स्थानीय लोग मूर्ति को मंदिर में स्थापित करने की मांग करने लगे, लेकिन प्रशासन मूर्ति को संग्रहालय ले जाना चाहता था। फिर स्थानीय लोगों ने 72 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू कर दिया, जिसे देख प्रशासन को अपना कदम पीछे खींचना पड़ा और विधि विधान से मूर्ति को मंदिर में स्थापित किया गया।

मामला सिकंदरा प्रखंड के सिझौड़ी गांव का है। यहां सिमरा तालाब की खुदाई के दौरान मंगलवार को काले पत्थर की भगवान सूर्य की दुर्लभ प्रतिमा मिली, जिसकी ऊंचाई 3 फीट है। मूर्ति मिलने के बाद पुलिस प्रशासन मंगलवार देर रात 11 बजे तक गांव में कैंप करती रही, लेकिन लोगों ने मूर्ति को छिपा दिया। बुधवार को मूर्ति को गांव के ही ठाकुरबाड़ी में रख दिया गया और 72 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू हो गया। लेकिन, लोगों की भीड़ को देखते हुए पुलिस नहीं पहुंची।



### कई गांवों के लोग जुटे..विधायक भी आए

मूर्ति मिलने की सूचना पर कई गांवों के लोग सिझौड़ी पहुंचे। सभी जय श्रीराम के नारे लगा रहे थे। गांव में मेला जैसे माहौल बन गया। फिर ग्रामीण प्रतिमा को अपने कंधे पर रख जय श्री राम और भगवान का जयकारा लगाते ठाकुरबाड़ी मंदिर पहुंचे। मूर्ति मिलने की सूचना पर स्थानीय विधायक प्रफुल्ल मांझी भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि लोगों की आस्था के साथ मेरी आस्था भी जुड़ी है। तालाब की खुदाई में भगवान सूर्य की दुर्लभ मूर्ति मिली है। प्रशासन अपने नियमानुसार संग्रहालय ले जाना चाहते थे, लेकिन ग्रामीण जिस स्थल से मूर्ति निकली, वहां भव्य मंदिर का निर्माण कर पूजा-अर्चना करना चाहते हैं। लोगों की आस्था खंडित न हो, इसके लिए मैं हमेशा सड़क से लेकर सदन तक खड़ा रहूंगा।

### नए मंदिर में स्थापित की जाएगी मूर्ति

जिला प्रशासन को ग्रामीणों ने मूर्ति देने के इनकार कर दिया। इसके बाद उसे गंगाजल से साफ किया और एक मंदिर में रख दिया। दूसरी तरफ, ग्रामीणों ने एक बैठक की, जिसमें निर्णय लिया कि तालाब के पास सूर्य मंदिर बनाया जाएगा और उसी में प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

### भगवान की प्रतिमा की जगह मंदिर में..संग्रहालय नहीं

ग्रामीणों ने बताया कि कुछ भी हो जाएगा, हम भगवान सूर्य की मूर्ति को प्रशासन को नहीं देंगे। मूर्ति को संग्रहालय की बंद दीवारों के अंदर रखना चाहते हैं। जबकि, भगवान की मूर्ति मंदिर में होनी चाहिए। इधर, एसडीओ अभीत तिवारी ने बताया कि खुदाई में मूर्ति मिलने की सूचना मिली है। इसकी जांच कराई जा रही है। जब तक इस पर किसी विशेषज्ञ की राय नहीं आ जाती है, तब तक कुछ नहीं कहा जा सकता है। उन्होंने बताया कि यह मूर्ति प्राचीन है तो ट्रेजर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### 8वीं-10वीं शताब्दी के बीच की है प्रतिमा

पुरातत्वविद डॉ. रवि शंकर गुप्ता ने बताया कि यह मुकुटधारी भगवान सूर्य की दुर्लभ प्रतिमा है, जो पालकालीन आठवीं से दसवीं शताब्दी काल की है। यह अच्छी प्रतिमा है। दोनों हाथ में कमल, नीचे दंड और पिंगल बनी है। काले पत्थर की प्रतिमाएं जमुई और आसपास में अमूमन मिलती रहती हैं।

इससे पहले 4 मार्च 2022 को सिझौड़ी के बगल के कुमार गांव में मां नेतुला मंदिर स्थित तालाब की खुदाई में पालकालीन नौवीं से दसवीं शताब्दी का दुर्लभ शिवलिंग निकला था। वहीं, 19 अगस्त 2022 को जन्माष्टमी के दिन लोहंडा गांव के तालाब में पालकालीन भगवान बलराम की मूर्ति निकली थी। फिलहाल सभी मूर्तियां गांव के ही मंदिरों में स्थापित की गई हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नदी में डूबकर युवक की मौत

**भागलपुर/गोराडीह, एजेंसी।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र के पुरैनी के पास छोटी चांदन नदी में डूबने से युवक की मौत हो गयी। घटना बुधवार शाम करीब पांच बजे की है। मृतक की पहचान मो. रकीब (20), पिता मो. मुबारक के रूप में की गई है। घटना के बाद उसे इलाज के लिए जगदीशपुर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना को लेकर परिजनों ने थाने में कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं करायी है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक मंद बुद्धि का था। वह बकरी चराने बहियार गया था। वहीं पर उसे शौच लग गया और वह नदी किनारे चला गया। जहां पर उसका पैर फिसल गया और गहरे पानी में चला गया। उसे डूबता देख एक बच्चे ने शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े और उसे पानी से बाहर निकाला। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। थानाध्यक्ष गणेश कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। परिजनों द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है। मामले की जांच की जा रही हैं।

### मध्य विद्यालय चौधरी टोला में बच्चा गिरकर जख्मी

**भागलपुर/कहलगांव, एजेंसी।** मध्य विद्यालय चौधरी टोला में बुधवार दोपहर समय स्कूल के सामने रखे नाले के पाट से टकरा कर एक छात्र घायल हो गया। घायल बच्चे को स्कूल के शिक्षकों ने तत्काल अनुमंडल अस्पताल लाया जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए शिक्षक भागलपुर निजी क्लीनिक ले गये। बच्चे के पिता पप्पू पासवान ने बताया पुत्र अरूण कुमार कक्षा 8 का छात्र है। उसे स्कूल में किसी प्रकार चोट लग गयी है। जिसका इलाज स्कूल के प्रधानाध्यापक द्वारा कराया जा रहा है। स्कूल के हेडमास्टर दिगम्बर कुमार झा ने बताया कि स्कूल के सामने नाला है जिसका पाट बाहर में रखा हुआ था। जिससे छात्र को ठेस लग गई और वह गिरकर घायल हो गया है। जिसका इलाज मैं स्वयं भागलपुर में करा रहा हूं।

### बमबाजी मामले में किसी ने नहीं दिया थाने में आवेदन

**भागलपुर/सबौर, एजेंसी।** लोदीपुर थाना क्षेत्र के चौधरीडीह महमदाबाद में मंगलवार को हुए बमबाजी मामले में अब तक किसी ने थाने में आवेदन नहीं दिया है। वहीं पुलिस घायल रितु यादव उर्फ रितेश का अब तक बयान भी दर्ज नहीं कर सकी है। घायल का इलाज परिजन पटना में करवा रहे हैं। इधर गांव में चर्चा है कि घायल रितु यादव एक आंख गंवा बैठा है। वहीं पुलिस इस मामले को लेकर जांच कर रही है। पुलिस ने बुधवार को दिनभर कई संदिग्धों से पूछताछ भी की है। इस मामले का अभी तक स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। घायल के परिजनों द्वारा आवेदन या बयान देने के बाद ही पुलिस आगे कार्रवाई करेगी। हालांकि पुलिस इस मामले में हर बिंदु पर जांच कर रही है। लोदीपुर इंस्पेक्टर श्यामला कुमार ने कहा कि आवेदन अभी तक किसी ने नहीं दिया है। घायल का बयान नहीं लिया गया है। उसका पटना में इलाज चल रहा है। मालूम हो कि मंगलवार की सरेशाम बमबाजी की घटना से इलाके में अफरातफरी मच गयी थी।


### देश के 28 हजार सीबीएसई स्कूलों के बच्चे सीखेंगे रचनात्मकता कौशल

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** जिले के बच्चों समेत देश के 28 हजार सीबीएसई स्कूलों के बच्चे रचनात्मकता कौशल सीखेंगे। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की फ्यूचर ऑफ जॉब रिपोर्ट्स के अनुसार 10 सबसे अधिक मांग वाले स्किल में रचनात्मकता कौशल सबसे ऊपर है। इसी के मद्देनजर सीबीएसई ने इसकी शुरुआत की है। सीबीएसई ने शिक्षकों को इसकी ट्रेनिंग देने के बाद स्कूलों को एडोब एक्सप्रेस लाइसेंस उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की है। एडोब के सहयोग से बच्चों में रचनात्मकता कौशल विकसित कराया जाएगा। पहले चरण में हर गुरुवार को डिजिटल व रचनात्मकता कौशल पर वर्चुअल सत्र की शुरुआत की गई है। सीबीएसई के कौशल निदेशक विश्वजीत साहा ने सभी स्कूलों को इसमें बच्चों को शामिल कराने का निर्देश दिया है। जिले के 50 स्कूल इसमें शामिल होंगे।

### शादी के बाद दुल्हा फरार, सीसीटीवी के फुटेज तलाश रही पुलिस

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार के मुजफ्फरपुर में शादी और सुहागरात का एक अजीबोगरीब केस सामने आया है। शादी की अगली रात दुल्हन सुहाग की सेज पर पति का इंतजार करती रही उसके पहले दूल्हा फरार हो गया मामला। पुलिस तक पहुंच चुका है। अहियापुर थाना पुलिस दूल्हे की तलाश में इलाके में लगाए गए सीसीटीवी के फुटेज तलाश रही है। मामला मुजफ्फरपुर के अहियापुर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले का है। दूल्हे के गायब होने से दोनों परिजन परेशान है। तरह-तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं। जानकारी के मुताबिक अहियापुर के शाहबाजपुर निवासी आदित्य की शादी और रविवार को हुई थी। शादी के अगले दिन उनकी विदाई हुई। मंगलवार के शाम आदित्य अपने घर से निकला। रात को परिवार वाले और दुल्हन उसका इंतजार करते रहे लेकिन वह वापस नहीं लौटा। शादी के ठीक बाद दूल्हे के गायब हो जाने से दोनों परिवारों में कोहराम मच गआ। देर रात से ही परिजन उसकी तलाश में भटकने लगे। रातभर खोजबीन जारी रही लेकिन, कोई सुराग नहीं मिला। बुधवार को उसका रिसेप्शन था। लेकिन दूल्हे के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। फोन करने पर पता चला कि उसका मोबाइल स्विच ऑफ है। परिजनों ने बताया है कि उसका किसी से विवाद नहीं है। परिवार के लोग काफी डरे हुए है। आशंका सता रही है कि आदित्य के साथ कुछ अनहोनी तो नहीं हो गई। वहीं दुल्हन के परिवार वाले भी अपनी बच्ची की भविष्य को लेकर काफी डरे हुए हैं। परिवार वालों ने आदित्य के गुम होने की शिकायत अहियापुर थाने में दर्ज कराई है। थाना अध्यक्ष रोहन कुमार ने बताया कि इस मामले में प्राथमिक की दर्ज की गई है। आदित्य का मोबाइल बंद पाए जाने से कुछ परेशानी है। लेकिन इलाके में लगे सभी सीसीटीवी के वीडियो से उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस जल्द ही समाधान निकालने की बात कह रही है।

# महिला नियोजित शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री के आवास का किया घेराव, सक्षमता परीक्षा और ट्रांसफर का विरोध



**पटना, एजेंसी।** शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने नियोजित शिक्षकों को सक्षमता परीक्षा का विरोध करने से मना किया था। राज्यकर्मी का दर्जा देने के लिए आयोजित होने वाले सक्षमता परीक्षा का विरोध करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश भी दिया था। उन्होंने कहा था कि सक्षमता परीक्षा का विरोध करने वाले शिक्षकों के खिलाफ न सिर्फ मुकदमा दर्ज होगा बल्कि उनकी नौकरी भी जायेगी। इसके बावजूद नियोजित शिक्षक आज शिक्षा मंत्री विजय चौधरी के आवास पर पहुंच गये। जहां भारी संख्या में मौजूद नियोजित शिक्षकों ने इस फरमान का विरोध किया। बिहार के शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी के आवास का नियोजित शिक्षकों ने घेराव कर दिया। सक्षमता परीक्षा और ट्रांसफर का विरोध जताते हुए नियोजित शिक्षक शिक्षा मंत्री से मिलने पहुंचे थे। शिक्षकों का कहना है कि सरकार सक्षमता परीक्षा ऑनलाइन लेगी और तीन बार परीक्षा फेल होने पर शिक्षकों को हटा दिया जाएगा। लगातार तीन बार सक्षमता परीक्षा फेल करने पर नौकरी चली जाएगी।

हमलोग 14 साल से काम कर रहे हैं अब ट्रांसफर किया जा रहा है। परिवार और बच्चों को छोड़कर दूसरी जगह जाना नहीं चाहती। शिक्षकों का कहना है कि उन्हें जलील किया जा रहा है। कभी ट्रांसफर की बात की जाती है तो कभी नौकरी से निकाल देने की बात की जा रही है। तीन परीक्षा लेकर सरकार क्या साबित करना चाहती है। यदि हम नहीं सफल हो पाते हैं तो भारी बेइज्जती होगी। 15 साल नौकरी करने के बाद अब परीक्षा देने की बात कही जा रही है। यह परीक्षा हमारे सम्मान पर सबसे बड़ा प्रहार है। साथ में ट्रांसफर के लिए तीन ऑप्शन मांगा जा रहा है। हम अपने परिवार को छोड़कर कहां जाएं। इस तरह का कदम उठाकर सरकार शिक्षकों को प्रताड़ित करने का काम कर रही है।

### बारूद के ढेर पर छाता बाजार पटाखा मंडी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मध्य प्रदेश की पटाखा फैक्टरी में भीषण आग लगने से 11 की मौत और 174 से ज्यादा लोगों के घायल होने की घटना के बाद शहर में भी चिंता बढ़ गई है, क्योंकि यहां हादसों से सबक नहीं लिया जा रहा है। शहर के बीचोंबीच अति व्यस्त इलाका छाता बाजार की पटाखा मंडी बारूद के ढेर पर है। यहां अवैध ढंग से 26 थोक और खुदरा पटाखा दुकानें चल रही हैं। गोदाम में बड़े पैमाने पर पटाखा स्टोर कर रखे गए हैं। शॉट सर्किट या आग की एक चिंगारी ही यहां काफी है। इसके बाद स्थिति को संभाल पाना मुश्किल होगा। छाता बाजार पटाखा मंडी में हर वर्ष दीपावली व छठ से लेकर विवाह के सीजन में पांच करोड़ रुपए के पटाखे का कारोबार होता है।

# परीक्षा समाप्त होने पर छात्रों ने डीजे पर किया डांसःआधे घंटे तक सड़क रहा जाम



**कटिहार, एजेंसी।** कटिहार में इंटरमीडिएट की परीक्षा बुधवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। वहीं बुधवार को विज्ञान और वाणिज्य संकाय के लिए पहली पाली में हिंदी की परीक्षा और दूसरी पाली में कला संकाय के लिए इतिहास और विज्ञान संकाय के लिए कृषि सब्जेक्ट की परीक्षा आयोजित हुई। वहीं परीक्षा समाप्त होने पर छात्रों ने भोजपुरी गीत की पर जमकर ठुमके लगाए। छात्रों ने कहा कि परीक्षा बेहद अच्छा रहा, जिसकी खुशी में हमलोग सड़क पर डांस कर रहे हैं। हजारों की संख्या में छात्रों के जुटने पर शहर में सड़कों पर जाम लग गया। बताया जा रहा है कि सभी द्वितीय पाली की परीक्षा समाप्त होते ही मिर्चाई बारी हरिशंकर नायक परीक्षा केंद्र से बाहर निकले थे। दरअसल जैसे ही परीक्षा समाप्त हुई परीक्षा केंद्र के बाहर कटिहार गेडा बाड़ी मुख्य मार्ग पर डीजे बज रहा था। फिर छात्र क्वेश्चन पेपर लेकर भोजपुरी गीत पर डांस करने लगे।

**19713 परीक्षार्थी हुए थे शामिल :** बुधवार को दोनों पालियों में मिलाकर 20 हजार 229 परीक्षार्थीयों में से 19 हजार 713 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। दोनों पालियों से 489 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली में 6 हजार 595 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। इसमें से 6 हजार 386 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। वहीं 182 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 13 हजार 634 में से 13 हजार 327 परीक्षार्थी पहुंचे और 307 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं 8 फरवरी गुरुवार को पहली पाली में विज्ञान, कला, वाणिज्य और वोकेशनल के लिए अनिवार्य विषय और दूसरी पाली में कला संकाय के लिए मनोविज्ञान, वाणिज्य संकाय के लिए उधमिता की परीक्षा आयोजित होगी।



### 5 साल से एक आदमी का 84 हजार दबाए बैठी है पुलिस, कोर्ट का आदेश भी फेल,थानेदार को शो कॉज

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार की मुजफ्फरपुर पुलिस का एक हैरतअंगेज कारनामा सामने आया है। एक शख्स के 84 हजार रुपये पुलिस दबाकर बैठी है। इस मामले में कोर्ट का आदेश भी फेल हो गया है। शराबबंदी वाले बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के बैरिया गोलंबर पर कबाड़ दुकान में शराब ज मामले में गिरफ्तार आरोपितों से जब्त हुए 84 हजार रुपये थाना से गायब हैं। विशेष उत्पाद न्यायालय ने जब्त रुपये जमानत पर छूटे आरोपित मनोज कुमार और नीतीश कुमार को लौटाने का आदेश दिया है। कोर्ट के आदेश की प्रति लेकर दोनों आरोपित एक साल से थाने का चक्कर काट रहे हैं। आज कल करके ब्रह्मपुरा थानेदार दोनों को दौड़ाते रहे। इस मामले में ब्रह्मपुरा पुलिस का कहना है कि 2019 का मामला है। उस समय जब्त हुए रुपये मालखाना में जमा नहीं है। इसलिए रुपये वापस नहीं किए जा सकते हैं। रुपये नहीं मिलने पर मनोज और नीतीश ने कोर्ट में फिर से अर्जी दाखिल की है। जिस पर सुनवाई करते हुए विशेष उत्पाद कोर्ट ने ब्रह्मपुरा थानेदार से शो-कॉज किया है। ब्रह्मपुरा के तत्कालीन थानेदार विश्वनाथ राम और क्यूआरटी ने संयुक्त रूप से एक जुलाई 2019 को बैरिया गोलंबर के निकट व्यवसायी नीतीश कुमार की कबाड़ दुकान पर छापेमारी की थी। यहां से भारी मात्रा में शराब की खाली बोतल, रैपर, कॉर्क आदि आपत्तिजनक सामान जब्त किया गया था। पुलिस ने कबाड़ दुकान की आर में अवैध रूप से शराब निर्माण करने का आरोप लगाते हुए कबाड़ व्यवसायी नीतीश कुमार समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। इसमें पुलिस ने नीतीश कुमार के पास से 48 हजार और सरैया के मनोज कुमार के पास से 35 हजार रुपये जब्त किए थे। इसकी जब्ती सूची भी बनाई गई थी और इसका जिक्र तत्कालीन थानेदार ने एफआईआर में भी किया। गिरफ्तार किए गए आरोपित नीतीश और मनोज को जमानत पर मुक्त किया गया था। इसके बाद दोनों ने थाने में जब्त रुपये की वापसी के लिए कोर्ट में अर्जी दी। जिस पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने रुपये लौटाने का आदेश 14 फरवरी 2023 को दिया था। दोनों वादियों ने कोर्ट में फिर से अर्जी देकर दावा किया है कि कई बार थाने पर कोर्ट के आदेश की कॉपी लेकर गए, लेकिन पुलिस रुपये नहीं लौटा रही है।

# बाइक चोरी के आरोप में युवक की पिटाई, पुलिस ने मॉब के बीच से निकालकर बचाई जान




**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया के लाइन बाजार में भीड़ ने बाइक चोरी के आरोप में एक युवक की पिटाई कर दी। आक्रोशित भीड़ उसे अधमरा होने तक लात -घुसों से बीच सड़क पर पिटती रही। वहीं पास में खड़े किसी शख्स ने फोन कर पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह युवक को भीड़ के बीच से निकाला। इसके बाद उसकी जान बच सकी। वहीं भीड़ की पिटाई में घायल युवक की नाजुक हालत को देखते हुए पुलिस उसे जीएमसीएच पूर्णिया में एडमिट कराया है, जहां उसकी हालत काफी नाजुक बनी हुई है। घटना के. हाट थाना क्षेत्र के लाइन बाजार चौक से लगे केनरा बैंक के समीप की है। घायल युवक ने अपने ऊपर लगे बाइक चोरी की आरोपों को बेबुनियाद बताया है। युवक की पहचान जलालगढ़ निवासी सुरेंद्र सिंह के बेटे मिट्ठू कुमार (22) के रूप में हुई है। भीड़ जुटने के कारण ट्रैफिक जाम घटना की जानकारी देते हुए प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि लाइन बाजार चौक से लगे केनरा बैंक के समीप एक एमआर अपनी बाइक खड़ी कर डॉक्टर के क्लीनिक में विजिट पर गया था। वापस बाइक के समीप लौटने पर युवक ने तेज आवाज में शोर मचाना शुरू किया। पूछने पर एमआर ने बताया कि यह युवक उसकी बाइक के पास खड़े होकर उसकी बाइक चोरी कर रहा था। उसने इसे बाइक चोरी करते रंगे हाथों पकड़ा है। इतने में ही युवक पर स्र्क्के हाथ उठाते ही पास खड़ी भीड़ ने भी उसे पीटना शुरू कर दिया। घटनाक्रम के दौरान लाइन बाजार रोड में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। इसके चलते सड़क पर ट्रैफिक की समस्या पैदा हो गई और सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

### पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

वहीं पास में ही खड़े शख्स ने कॉल कर के. हाट थाने की पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पाकर डायल 112 की दो गाड़ी और के हाट थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद किसी तरह आक्रोशित मॉब के बीच से युवक को बाहर निकाला जा सका और फिर युवक की जान बच सकी। वहीं घायल युवक की नाजुक स्थिति को देखते हुए पुलिस ने उसे जीएमसीएच पूर्णिया में एडमिट कराया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने कॉल कर युवक के परिजनों को घटना की सूचना दी है और जीएमसीएच पूर्णिया बुलाया है। वहीं बाइक चोरी के आरोप में मॉब की पिटाई में घायल युवक ने बताया है कि वो कोई बाइक चोरी नहीं कर रहा था। युवक ने उसे कॉल कर अपने बाइक के पास बुलाया था। उसने साजिश के तहत उसे बाइक चोरी के आरोप में पिटवाया और फिर मौके से फरार हो गया। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने कहा कि अगर युवक बाइक चोरी कर रह था। तो फिर जिसकी बाइक थी वो युवक मौके से क्यों भाग निकला। उसने पुलिस में उसकी कोई शिकायत क्यों नहीं की।

# अनियंत्रित ट्रक ने युवक को रौंदा, मौत, चीत्कार

## पताही पूर्वी गांव का निवासी था मृतक



- एसबीआई के समीप की है घटना
- परिजनों का रो-रो कर है बुरा हाल

चाणक्य भूमि। पताही

थाना परिसर स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के समीप एक अज्ञात ट्रक ने एक युवक को रौंद दिया। इससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना बुधवार की देर रात की है। मृतक की पहचान पताही पूर्वी गांव निवासी शंकर मली के पुत्र (25) विनोद मली के रूप में हुई है। बताया जाता है कि विनोद किसी काम से अपने घर से शाम को बखरी अपनी भतीजी के यहां गया था। बुधवार की बीती रात वह बखरी की ओर से आ रहा था। इस बीच परसौनी के तरफ से आ रही अनियंत्रित ट्रक ने उसे रौंद दिया। इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर कैलाश कुमार और दारोगा धनंजय कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर कैलाश कुमार ने बताया कि पताही गांव के एक युवक को ट्रक ने कुचल दिया। जिसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार के द्वारा आवेदन अभी तक नहीं दिया गया है। पुलिस ट्रक की पहचान करने में जुटी हुई। बताया कि शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौप दिया गया है।

### शव पहुंचते ही परिजनों में मचा कोहराम

*पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव उसके घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सभी विलाप कर रहे थे। लोग बेबस नजरों से से पीड़ित परिवार को निहार रहे थे। आस पड़ोस के लोग सांत्वना देने में लगे हुए थे। माहौल गमगीन था। सभी की आखें नम थी। मृतक बिनोद की पत्नी बिना देवी का बुरा हाल था। वह शव से लिपट के विलाप कर रही थी। वह रोते-रोते बार बार कह रही थी कि हम के करा सहारे र हेब हो भगवान... का कसूर भइल की हमरा से की हमारा लड़का स्न के छाया छीन लेल हो राम... अब कईसे हम जियेब हो राम। वहीं दूसरी तरफ विनोद की मां सुमित्रा देवी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया था। वह अपने बेटा के शव को पकड कर रोते रोते बेहोश हो जा रही थी। वहीं उसका पिता का भी यही हाल था। मृतक विनोद चार भाइयों में तीसरा स्थान पर था। विनोद को तीन संतान थे। सभी संतान छोटे-छोटे हैं। विनोद मजदूरी करके अपना परिवार का भरण पोषण करता था।*

### शव रख ग्रामीणों ने सड़क किया जाम, नारेबाजी



**पताही**। सड़क दुर्घटना में मृत विनोद का शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा। इसके बाद ग्रामीणों की भीड़ थाना के सामने जमा हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव रख कर सड़क जाम कर दिया। इससे आवागमन बाधित हो गया। सड़क पर कुछ समय के लिए आवागमन ठप रहा। गाड़ियों की कतार लग गयी। यात्री अपने गंतव्य को जाने के लिए बेचैन रहे। ग्रामीण मृतक के परिजनों के लिए मुआवजे की मांग कर रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा कर मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा दिलवाने का आश्वासन देकर सड़क पर वाहनों का परिचालन शुरू कराया। इस संबंध पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष कैलाश कुमार ने बताया परिजनों के द्वारा मुआवजा के लिए शव रखकर सड़क जाम किया गया था। जिसे समझा बुझा कर शव को दास संस्कार करने के लिए भेज दिया गया।

# तेजी से फैलने वाली संक्रामक बीमारी है एफएमडीः डॉ. रविशंकर

**कहा, बीमारी से पशुओं की दूध उत्पादन में आ जाती है कमी**

**पशु चिकित्सालय में एफएमडी टीकाकरण पर हुआ प्रशिक्षण**



चाणक्य भूमि। सुगौली

एफएमडी टीकाकरण अभियान की सफलता को लेकर प्रखण्ड पशु चिकित्सालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखण्ड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रविशंकर देव वर्मन ने की। उन्होंने कहा कि खुरपका और मुंहपका रोग (एफएमडी) से बचाव के लिए पशुओं को डोर टू डोर निःशुल्क टिका लगाना है। खुरपका और मुंहपका रोग के संबंध में प्रभारी डॉ. बर्मन ने कहा कि एफएमडी काफी तेजी से फैलने वाली एक संक्रामक बीमारी है, जिसके कारण गायों और भैंसों के दूध उत्पादन में काफी कमी आ जाती है। ऐसे में इस बीमारी के रोकथाम के लिए गायों और भैंसों का टीकाकरण करना बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जो किसान पशुपालन करते हैं, उनको सबसे पहले खुरपका रोग का कारण, लक्षण एवं नियंत्रण के तरीके बताना जरूरी है। खुरपका रोग का कारण, इस रोग का मुख्य सूक्ष्म कीट हैं, जो आंखों से नहीं दिखते हैं, इस कीट को विषाणु या वायरस भी कहा जाता है। खुरपका रोग के प्रमुख लक्षण जैसे पशुओं को तेज बुखार आना, पैरों में सूजन आना, खुरों के बीच में छोटे-छोटे दाने उभरना और फिर छल्ले बन जाना, अगर रोग बढ़ता है, तो यह छल्ले फलने लगते हैं और जख्म का रूप ले लेते हैं, खुर में जख्म होने की वजह से पशुओं को चलने में तकलीफ होती है, पैरों के जख्म में कीचड़ और मिट्टी लगने से कीड़े लगने लगते हैं । मौके पर पशु टिकाकर्मी अवधेश कुमार गुप्ता, रणधीर कुमार, शत्रुधन साह, मो एकबाल, मो अमजद हुसैन, मो अमीर हुसैन, प्रवीण कुमार, मुन्ना कुमार, रोहित कुमार सहित अन्य टिकाकर्मी मौजूद थे।

# पताही से छह माह पूर्व अपहृत नाबालिग शिवहर से बरामद

**लड़की के पिता ने दर्ज कराई थी एफआईआर**

**पुलिस ने बरामद लड़की को भेजा कोर्ट**

चाणक्य भूमि। पताही

थाना क्षेत्र के पदुमकेर पंचायत से छह माह पूर्व हुई अपहृत एक नाबालिग लड़की को पुलिस ने गुरुवार को गुप्त सूचना पर शिवहर जिले के तरियानी थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव से बरामद कर लिया। हालांकि, अपहरणकर्ता मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष कैलाश कुमार ने बताया कि नाबालिग लड़की के पिता कृष्णा साह ने थाना में आवेदन देकर कांड संख्या- 228/23 पुत्री के अपहरण का केस दर्ज कराया था। दर्ज केस में कहा गया था कि जिहुली गांव निवासी विक्की कुमार, ब्रिचंन साह, कछु कुमार, भोला कुमार ने साथियों के साथ हथियार से लैस होकर मेरे नाबालिक पुत्री को अगवा कर लिया। मेरे पुत्री द्वारा विरोध करने पर हथियार का भय दिखाकर जोर-जबर्दस्ती मेरे पुत्री को लेकर चले गए हैं। अपहरण का केस दर्ज होने के बाद पुलिस अपहृता की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ की अपहादित लड़की एग्जाम दे रही है। जिसे शिवहर जिले के तरियानी थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव से लड़की को एग्जाम सेंटर बरामद किया गया है वही अपहरण करता लड़की को एग्जाम सेंटर पर ही छोड़कर फरार हो गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि लड़की को 164 के बयान के लिए मोतिहारी कोर्ट भेज दिया गया है।

# दादा साहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ केविवि के छात्र की निर्देशित फिल्म का चयन

चाणक्य भूमि। मोतिहारी




महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग के छात्र आशीष कुमार ने अपनी लघु फिल्म 'कलर ऑफ के ऑस - द बिगिनिंग' के लिए एक बड़ा सम्मान प्राप्त किया है। इस फिल्म ने 2024 में आयोजित दादा साहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ शॉर्ट फिल्म की श्रेणी में आधिकारिक चयन प्राप्त किया है। फिल्म के लेखक और निर्माता सौरव बनर्जी हैं। यह फिल्म युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य और डिप्रेशन पर केंद्रित है। निर्माता सौरव बनर्जी ने बताया कि इस फिल्म के माध्यम से हम युवाओं के बीच में मानसिक स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने का प्रयास कर रहे हैं। हम उम्मीद करते हैं कि यह फिल्म लोगों को जागरूक करेगी और समस्याओं का सामना करने में सहायता करेगी। फिल्म में आदित्य नारायण, अंश नारायण, आशीष कुमार, मुक्ता आनंद, राज राना बिश्नोई, सौरव बनर्जी, शिवेन, शुभम शर्मा, और शुभम बर्नवाल शामिल हैं। 24 मिनट की फिल्म का संगीत केविन मैकलीड ने बनाया है, जबकि संपादन सौरव बनर्जी और आशीष कुमार ने किया है। फिल्म को मिक्स और मास्टर जैकिन द्वारा किया गया है। फिल्म युवाओं के बीच एक महत्वपूर्ण संदेश लेकर आई है। इसके माध्यम से, निर्देशक आशीष कुमार ने युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया है और उन्हें जागरूक करने का प्रयास किया है। यह फिल्म उम्मीद करती है कि लोग इसे देखकर अपने आसपास के मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों को समझेंगे और इसका सामना करने के लिए सहायता लेंगे। इस अद्भुत यात्रा में छात्र को उनके अद्वितीय कार्य के लिए आशीर्वाद देने वाले विभाग के प्रमुख, अंजनी कुमार झा ने भी अपना समर्थन जताया है। उन्होंने बताया कि छात्रों की ऐसी उत्कृष्टता को देखकर विभाग गर्वित है और आशीष कुमार को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी है। सीएस एण्ड आईसीटी के डीन प्रो. रणजीत कुमार चौधरी, विभाग के सहायक आचार्य डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र, डॉ. साकेत रमण तथा डॉ. सुनील दीपक घोडके ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बधाई एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# दुष्कर्म का आरोपी ने कोर्ट में किया सरेंडर



चाणक्य भूमि। पताही

पचपकड़ी ओपी क्षेत्र में छह वर्ष की बच्ची से दुष्कर्म मामले में फरार चल रहे आरोपी शिक्षक किशोर रवि उर्फ गुड्डू सिंह ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। पुलिस की ताबड़तोड़ छापेमारी के दबाव में आकर आरोपी ने कोर्ट में सरेंडर किया। एसपी की माने, तो जल्द आरोपी को पुलिस रिमांड पर लेगी। गौरतलब हो कि शिक्षक चकिया स्थित एक सरकारी स्कूल में तैनात है और वह छुट्टी में घर आया था। शिक्षक पर आरोप है कि उसने अपने घर ही बगल की एक बच्ची को पैसा का लालच देकर दुष्कर्म किया। घटना के बाद वह फरार हो गया था। इसके बाद पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी।

# चिरैया में डेढ़ वर्षीय बच्चे की डूबने से हुई मौत, चीत्कार



## खेलने के क्रम में पानी भरे गड्ढे में जा गिरा था रईस

- दो भाई व एक बहन में सबसे छोटा था मृतक
- घटना के बाद गांव में पसरा सन्नाटा

चाणक्य भूमि। चिरैया

थाना क्षेत्र के सेमरा गांव में एक डेढ़ वर्षीय बालक की पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना गुरुवार की सुबह आठ बजे की है। बताया जाता है कि मृतक सेमरा गांव निवासी दिनेश राय का डेढ़ वर्षीय पुत्र रईस कुमार है। जो गांव के आस पड़ोस के बच्चों के साथ अपने घर से कुछ दूरी पर खेल रहा था। जहां एक गड्ढा भी था, जिसमें पानी भरा हुआ था। बच्चे जहां खेलने में लगे हुए थे। उसी क्रम में रईस उस पानी भरे गड्ढे में गिर गया। कुछ देर बाद ग्रामीणों ने बच्चा को उस गढ़े भरे पानी में उपलता हुआ देखा। जिसके बाद घटना की जानकारी पूरे गांव में आग की तरह फैल गई। लोगों ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दिया। जिसके बाद मृत बालक के घर में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही रईस की मां व पिता आदि पहुंचे फिर बच्चे के शव को निकाला गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना चिरैया थाना सहित अंचलाधिकारी को दी गई। इसके बाद चिरैया पुलिस एवं हल्का के राजस्व कर्मचारी सुरजीत कुमार घटना स्थल पर पहुंचे और घटना की पूरी जानकारी ली। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए कहा गया। परिजनों ने मृत बालक के पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। फिर पदाधिकारियों ने आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद बच्चे की शव को उसके माता-पिता को सौंप दिया। जिसके बाद परिजन ने बालक का अंतिम संस्कार कर दिया । इधर मृत बालक की मां संगीता देवी, पिता दिनेश राय सहित पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। रईस दो भाई एवं एक बहन था। रईस सबसे छोटा था।

# तुरकौलिया में दो पंचायतों को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण कार्य शुरू

- कार्य शुरू होने से ग्रामीणों में खुशी की लहर
- आवागमन में अब नहीं होगी परेशानी

चाणक्य भूमि। तुरकौलिया



प्रखंड में दो पंचायतों को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण होने से लोगों में खुशी की लहर है। तुरकौलिया पश्चिमी पंचायत के अशर्फी साह टोला वार्ड 9 से तुरकौलिया मध्य पंचायत तक जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह सड़क लंबे समय से बदहाल स्थिति में थी। स्थानीय लोगों में उक्त सड़क निर्माण की मांग लंबे समय से थी। अब इस सड़क पर पीसीसी कराया जा रहा। जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर है। जलील मियां, राहुल साह, रामाशीष साह, ध्रुप साह, शंभू श्रीवास्तव, सुरज महतो, मानिकचंद्र, रमेश साह, मुकेश कुमार, अखिलेश साह, अरुण कुमार आदि ग्रामीणों ने बताया कि सड़क बनने से राहगीरों को बहुत सुविधा होगी। खासकर स्कूली बच्चे बच्चियों को विद्यालय आने जाने में भी सहूलियत होगी। बरसात के मौसम में राहगीरों की परेशानी बढ़ जाती थी। सड़क बनने से बरसात के दिनों में होने वाली मुसीबतों से भी निजात मिलेगा। स्थानीय मुखिया रामजनम पासवान ने बताया कि पंचायत में जहां-जहां भी सड़क खराब है। सभी सड़कों का निर्माण कराने का योजना बनाया जा रहा है। कागजी प्रक्रिया के बाद सभी सड़को को दुरुस्त किया जाएगा। ताकि राहगीरों को कोई परेशानी नही हो। पंचायत में विकास का काम जारी रहेगा। काम से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। विकास के प्रति वह वचनबद्ध हैं।

# पुलिस ने तेंदुआ का खाल किया बरामद, दो धराएं

**लाखों रुपए कीमत की बताई जा रही खाल**

चाणक्य भूमि। मोतिहारी

पुलिस ने गुप्त सूचना पर भारत-नेपाल सीमा रक्सौल से प्रतिबंधित दुर्लभ वन्य प्राणी तेंदुआ के खाल के साथ वन विभाग के अधिकारी और पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में दो कारोबारी को गिरफ्तार किया गया। एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार ने बताया कि लाखों रुपए मूल्य के तेंदुआ के खाल को नेपाल से लाकर बिक्री करने के लिए छुपा कर रक्सौल के सिसवा में रखा गया था। सूचना पर वनों के क्षेत्र पदाधिकारी नारायण लाल सेवक और एसडीपीओ रक्सौल धीरेंद्र कुमार के संयुक्त नेतृत्व में छापेमारी की। तेंदुआ के खाल के साथ नेपाल के रौतहट जिला के मौलापुर निवासी 25 वर्षीय मुकेश कुमार यादव और एक नाबालिग के साथ दो को सौदागर बन कर गिरफ्तार किया गया। उक्त तेंदुआ का खाल की तस्करी का खुलासा तब हुआ जब बॉर्डर पर लाकर उसकी बिक्री के लिए सौदेबाजी कर रहा था। चीन में इसकी सप्लाई होती है। इसका उपयोग चीन में दवा बनाने के लिए होता है।सेक्स पावर बढ़ाने के लिए बनने वाले दवा में इसका उपयोग किया जाता है।

# क्रिकेटः केसरिया पर पिपरा ने 14 रनों से दर्ज की रोमांचक जीत

**मदन को मिला मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार**

चाणक्य भूमि। तुरकौलिया



प्रखंड अंतर्गत सेमरा टोला पशुरामपुर स्टेडियम में चल रहे नॉक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट में दूसरे दिन गुरुवार का मैच रॉक स्टार केसरिया और क्रिकेट क्लब पिपरा के बीच खेला गया। उद्घाटन समाजसेवी कमरूद्दीन अंसारी ने फीटा काटकर किया। टॉस जीतकर पहले पिपरा टीम ने बैटिंग करने का फैसला किया। 20 ओवर के खेल में 18.3 ओवर में पिपरा की टीम ने 119 रनों का स्कोर खड़ा किया। जबाव में खेलने उतरी केसरिया की टीम 17.3 ओवर में 106 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार पिपरा क्रिकेट क्लब ने 14 रनों से जीत हासिल कर लिया। मैन आफ द मैच का पुरस्कार मदन कुमार को दिया गया। मौके पर आयोजन कमिटी के अध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी, सचिव मो अज्जम आरिफ, कोषाध्यक्ष नौशाद आलम आदि मौजूद थे।

# ग्रामीण चिकित्सक के पुत्र डॉ. मुकेश ने एफएमजीई की परीक्षा में प्राप्त की सफलता

**प्रथम प्रयास में ही मुकेश को मिली सफलता**

चाणक्य भूमि। घोड़ासहन



प्रखंड क्षेत्र के श्रीपुर उतरवारी निवासी ग्रामीण चिकित्सक डॉ. महाराज पंडित के पुत्र डॉ मुकेश कुमार ने एनबीई की ओर से जारी फारेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन (एफएमजीई) जनवरी 2024 की परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही परीक्षा उतीर्ण कर जिले व प्रखंड समेत परिवार का नाम रौशन किया है। उनके उतीर्ण होने की खबर मिलते ही परिवार में खुशी का माहौल है। बताते चले कि डॉ. मुकेश की प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही हुई है। उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा वर्ष 2011 में टीआरएमपी हाई स्कूल घोड़ासहन से व इंटर की परीक्षा जेएलएनएम कॉलेज घोड़ासहन से पास की। उन्होंने एशियन मेडिकल कॉलेज पेरिस (फ्रांस) में 2016-17 बैच में एमबीबीएस की पढ़ाई की। वर्ष 2023 में एमबीबीएस करने के बाद जनवरी 2024 में एफएमजीई की परीक्षा में उतीर्ण हुए। डॉ मुकेश के पिता डॉ. महाराज पंडित ग्रामीण चिकित्सक के रूप में गांव में ही कार्य करते है व मां मंजू देवी गृहणी है। जबकि बड़ा भाई डॉ. राकेश कुमार डेंटिस्ट (बीडीएस) है। जबकि, छोटा भाई डॉ. सुजीत कुमार भी बीएमएस दिल्ली से कर रहे है। डॉ. मुकेश ने अपनी सफलता का श्रेय माता, पिता, बड़े भाई व दादा दादी को दिया है। डॉ. मुकेश ने बताया कि भविष्य में अपने प्रखंड क्षेत्र में ही स्वास्थ्य केंद्र खोल गरीब मरीजो का निःशुल्क इलाज करना चाहता हूं।

# लोकसभा चुनावों के मद्देनजर जिलाधिकारी का क्षेत्र भ्रमण

**चाणक्य भूमि | बेतिया**

जिला पदाधिकारी बेतिया एवं पुलिस अधीक्षक बेतिया ने आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के आलोक में भ्रमण किया जिसमे बेतिया से गोपालगंज जाने वाली मुख्य पथ पर स्थित चेक पोस्ट ,आशा घाट,पटखोली,लोकरिया घाट,सूर्यपुर घाट,नया तोला डुमरिया घाट का निरीक्षण किया गया क्यूँकी इन सभी चेक पोस्ट पर काफी संख्या में लोगो का आवागमन होता है। अतः जिला पदाधिकारी द्वारा उक्त स्थल पर ही संबंधित आवश्यक निर्देश दिया गया। इस जिला भ्रमण कार्यक्रम में उनके साथ उप विकास आयुक्त श्रीमती प्रतिभा रानी,अनुमंडल पदाधिकारी श्री विनोद कुमार,उत्पाद अधीक्षक



मनोज कुमार सिंह, सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी शामिल थे।

# प्रशांत किशोर का शराबबंदी पर बड़ा ब्यानः नीतीश की शराबबंदी पर प्रशांत किशोर ने कहा कि अगर मेरा बस चले तो बिहार में 48 घंटे में शराबबंदी हटा देंगे

**उन्होंने कहा कि अगर सात बार नीतीश कुमार ने पलटी मारे है, तो तीन बार आरजेडी भी दोषी है और तीन बार भाजपा**

**चाणक्य भूमि | पटना**

जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर बिहार में एनडीए की सरकार और आरजेडी दोनों पर बरसे। उन्होंने कहा कि बिहार और भारत ही नहीं पूरी दुनिया में अगर कहीं ऐसा प्रमाण मिला हो तो बताएं, कि शराबबंदी से उस जगह का आर्थिक और समाजिक विकास हुआ है। अगर ऐसा होता तो आज जितने भी समृद्ध देश हैं, वहां शराबबंदी होती। अब लोग कहते हैं कि गांधी जी चाहते थे कि शराबबंदी हो, तो "मैं इस बात को खारिज करता हूं। गांधी जी के नाम पर शराबबंदी गलत बात है। गांधी जी ने यह नहीं कहा कि सरकार को शराबबंदी करनी चाहिए, उन्होंने यह कहा कि लोगों को शराब नहीं पीना चाहिए। गांधी जी ने यह कभी नहीं कहा कि सरकार शराबबंदी के लिए कानून बनाए। आज शराबबंदी के कारण बिहार की जनता को 20 हजार करोड़ का हर साल नुकसान हो रहा है। शराबबंदी से सबसे ज्यादा त्रस्त भी महिला ही है।" प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि नीतीश कुमार ऐसा कर पा रहे हैं तो इसके लिए सबसे ज्यादा दोषी दो बड़े सहायक दल हैं, जिसका नाम है RJD और BJP। अगर सात बार नीतीश कुमार ने पलटी मारे है, तो तीन बार आरजेडी भी दोषी है और तीन बार भाजपा भी दोषी है।



# तीन घंटे तक फंसी रही सप्तक्रांति एक्सप्रेस

**चाणक्य भूमि | बेतिया**

वाल्मीकिनगर रोड रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को 12558 सप्तक्रांति सुपरफास्ट एक्सप्रेस तीन घंटे तक रुकी रही जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना पड़ा । रुकने की वजह यह रही कि ट्रेन पनियहवा स्टेशन से जैसे ही आगे बढ़ी की वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना के जंगल से एक मोर निकल कर ट्रेन के इंजन में घुस गया, जिससे ट्रेन के इंजन में शार्ट सर्किट हो गया। उसके बाद ट्रेन में फंसे मोर को निकालकर उसे सलामी देने के बाद वन विभाग को सौंपा गया। घटना के बाद अधिकारियों ने सुचना देकर नरकटियागंज से एक अन्य इंजन को मंगाया गया।उसके बाद ट्रेन मुजफ्फरपुर के लिए रवाना किया गया। आपको बता दें कि सुबह 7:15 पर सप्तक्रांति एक्सप्रेस ट्रेन वाल्मीकिनगर स्टेशन पहुंची और हुई तीन घंटे बाद 10:15 पर वाल्मीकिनगर स्टेशन से मुजफ्फरपुर के लिए रवाना हुई ।

## पति ने पत्नी पर दर्ज करायी केस,मामला पत्नी द्वारा जेवर लेकर फरार होने का

**चाणक्य भूमि जगदीशपपुर**। जमुनिया नवका टोला के यासीन मियां ने जगदीशपुर थाना में आवेदन देकर अपने पत्नि मुन्नी खातुन पर जेवर चुराने की प्राथमिकी दर्ज करायी है।उल्लेखनीय है कि रविवार को सुबह जब वे बाहर से शौच करके वापस आए तो देखा कि घर मे रखा बक्सा खुला पड़ा है।व बक्से मे रखे लड़की की शादी हेतू करीब डेढ लाख का जेवर व दो समुह से कर्ज लिए हुए पौने दो लाख रूपया गायब है।पत्नि मुन्नी खातुन भी गायब थी।काफी खोज बीन पर पता चला की वह अपने बहन तरन्नुम खातुन के घर रामनगर मे है।जब वहां जाकर संपर्क किए तो वहा घर आने से इन्कार कर गई।जब जेवर व रूपया के मांग किए तो उसके बहनोई नेक मोहम्मद उसके पिता हारून मियां सभी मिलकर गाली-गलौज करते हुए धक्का देकर भगा दिए।यासीन ने बताया कि उसके पहली पत्नि के मृत्यु के बाद वह मुन्नी खातुन से शादी की थी।पहली पत्नि से से हुए बेटी की शादी 14 फरवरी को है।शादी की तैयारी हेतू जेवर व रूपया इक्कठा किए थे।जिसे मुन्नी खातुन अपने छोटा लड़का को छोड़ व जेवर, रूपया ले फरार हो गई है।

## मांझी चले भी जाते है तो कोई फर्क नहीं-ज़दयू एम एल सी

**चाणक्य भूमि** । अभी तक भाजपा जदयू सरकार का बहुमत सिद्ध नहीं हुआ है परन्तु शामिल दलों के बीच तनातनी की खबर सामने आती रहती है इसी क्रम में जदयू के एम एल सी विजय सिंह ने मांझी पर बड़ा ब्यान दिया है उन्होंने कहा है कि मांझी अगर सरकार से चले भी जाने है तो इस सरकार पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

## नये थाना अध्यक्ष प्रभार संभालते किया शांति समिति की बैठक

**चाणक्य भूमि, अब्दुल बासित मैनाटांड़**। प्रखंड क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर थाना में गुरुवार नए थाना अध्यक्ष ने शांति समिति का किया बैठक में जन प्रतिनिधि समेत अन्य लोग भी मौजूद थे । पुरुषोत्तमपुर थाना अध्यक्ष कुमार ने कहा कि सभी समुदाय के लोग प्रेम, सौहार्द व एकता की मिसाल को कायम करते हुए मिलजुल कर रहे अशांति फैलाने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर है। यदि कहीं से भी अप्रिय घटना घटित होने की आशंका होती है तो तुरंत स्थानीय प्रशासन सहित 112 नंबर पर सूचित करे। सोशल मीडिया पर कुछ भी गलत टिप्पणी या मैसेज आते है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस थाने पर करें। शराब माफियाओं पर हमारी कड़ी नजर रहेगी ।

## बिहार मे बनेगी भाजपा सरकार- उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

अभी भाजपा जदयू सरकार पूरी तरह से बनी नहीं है परन्तु उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बड़ा व्यान दिया है उन्होंने कहा है कि आज भले ही हमने नीतीश के साथ गठबंधन किया है लेकिन भविष्य में बिहार मे भाजपा की सरकार बनेगी चाणक्य भूमि बेतिया। पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल भवन में एक कार्यक्रम के दौरान उक्त बातें कहीं इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार से जंगल राज के खात्मे के लिये नीतीश कुमार से समझौता किया गया है। इसी सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि भाजपा बदलती नहीं है गठबंधन जरूर करती है और अपना संकल्प भी नहीं भूलती है। हम समझौता जरूर करते है पर उसके पीछे की वज़ह है संकल्प पूरा करना। र सही में ऐसा हुआ भी था जम्मू कश्मीर में। भाजपा ने पहले समझौता करके महबूबा के साथ मिलकर सरकार बनाई और फिर मौका मिलते ही धारा 370 को खत्म करने का अपना संकल्प पूरा किया।

## बगहा में नाबालिक को बेचने का आरोप माँ पर लगा

**चाणक्य भूमि बेतिया**। बगहा में गरीबी के कारण एक माँ के द्वारा ही अपनी नाबालिग बेटी को हरियाणा के लोगों को बेचने का अपुष्ट मामला सामने आया है हालाँकि पुलिस की तत्परता से ऐसा नहीं हो पाया परन्तु पुलिस ने माँ को बॉन्ड बनवाकर छोर दिया है चाणक्य भूमि बेतिया। बगहा में बुधवार की रात्री एक माँ द्वारा अपनी नाबालिक बेटी की शादी हरियाणा से आये युवक से करवा रही थी। जिसकी सूचना मिलने पर बगहा थाना प्रभारी अन्य अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुँचे परन्तु नाबालिक से शादी करने आये लोग उनके हाथ नहीं लगे। जिसके बाद पुलिस माँ और बेटी को पकड़ कर थाने ले आयी। नाबालिक की माँ द्वारा बताया गया कि गरीबी की वजह से बेटी की शादी कर रही थी । हालाँकि चर्चा य़ह है कि नाबालिक की शादी के नाम पर मोटी रकम ले रही थी परंतु पुलिस द्वारा इसकी पुष्टि नहीं की गई है। हालाँकि प्रथम दृष्टया यह मामला मानव तस्करी का प्रतीत होता है लेकिन पुलिस के हाथो हरियाणा निवासियों के निकल जाने के कारण सच्चाई का पता नहीं चल पाया। पुलिस ने बॉन्ड भरवाकर नाबालिक को माँ के साथ जाने दिया है। जिससे एक नाबालिक मानव तस्करों के हाथों जाने से बच गई। आपको बता दें कि हरियाणा में पुरुषों की एक हजार जनसंख्या पर मात्र 900 के आसपास लड़कियां है जिस वजह से वहाँ के कई लोग बिना शादी के ही रह जाते है और किवदंतीयों के अनुसार वहाँ के लोग कई प्रदेशों से गरीब लडकियों के साथ शादी कर लाते है और संभव हो कि इसमें पैसे का लेन देन होता हो।

# हर व्यक्ति द्वारा एमडीए/आइडीए की दवा खाना जरूरी भ्रांतियों पर ना करे विश्वास

- **मुजफ्फरपुर में फाइलेरिया पर मीडिया कार्यशाला का हुआ आयोजन जिसमे बताया गया कि**
- **जिले के 57 लाख से ज्यादा लोगों को खिलायी जायेगी दवा**

**चाणक्य भूमि | बेतिया**

फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है। इसके उन्मूलन के लिए पूरे देश में एक साथ 10 फरवरी से सर्वजन दवा सेवन अभियान चलाया जाएगा। जिस तरह हम पोलियो से उन्मूलित हुए उसी तरह फाइलेरिया से भी मुक्ति पा सकते हैं, बस हमें लगातार तीन साल तक अभियान के तहत मिलने वाली आइवरमेक्टिन, डीईसी और एल्बेंडाजोल की गोली को खानी है। ये बातें जिलाधिकारी सुब्रत सेन ने जिला स्वास्थ्य समिति और सीफार (सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च) की ओर से आयोजित मीडिया उन्मुखीकरण के दौरान कहीं। कार्यक्रम की शुरुआत जिलाधिकारी ने बैलून छोड़कर व चार जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर की। वहीं एएनएम की छात्राओं की रैली समाहरणालय से होकर सदर अस्पताल पहुंची। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान आशा, आंगनबाड़ी, जीविका और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के सहयोग से पूरे जिले में करीब 57 लाख से ज्यादा लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें कुल 2594 टीम कार्य करेगी। हर लक्षित व्यक्ति दवा खाए, इस बात का विशेष सहयोग जिले वासियों से




चाहिए। दवाओं के बारे में उपजे भ्रम से डरने की कोई जरूरत नहीं है। यह दवा बिल्कुल सुरक्षित है। उन्मुखीकरण की शुरुआत करते हुए डीपीएम रेहान अशरफ ने बताया कि मीडिया चाहे तो इस अभियान को घर-घर तक पहुंचा सकती है। वहीं फाइलेरिया के संबंध में जिला भीबीडीसी पदाधिकारी डॉ सतीश कुमार ने बताया कि फाइलेरिया किसी को भी हो सकता हे। स्वस्थ दिखने वाले व्यक्तियों में भी माइक्रोफाइलेरिया के कृमि हो सकते हैं। इसलिए दो साल से ऊपर के हर व्यक्ति को यह दवा ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर के सामने खानी है। जिन्हें दवा घर पर नहीं मिले वह सदर अस्पताल या अपने प्रखंड स्तर के पीएचसी में जाकर दवा खा सकते हैं। ऐसे अस्पतालों में 17 दिन कैंप लगेगें। वहीं 14 दिन घर घर जाकर लोगों को दवा खिलाई जाएगी। खाली पेट यह दवा किसी को नहीं खानी है। जिलाधिकारी सुब्रत सेन ने चमकी पर चर्चा करते हुए कहा कि पिछले साल की तरह इस साल भी जीरो डेथ के संकल्प पर काम किया जाएगा। जागरूकता के हर संभव प्रयास किए जाए। वहीं गांव पर जाकर संध्याकालीन चर्चा की भी शुरुआत जल्द की जाए। बुखार रखने पर जल्द ही सरकारी अस्पताल जाएं। उन्मुखीकरण के दौरान ए डी एम, सिविल सर्जन डॉ ज्ञान शंकर, जिला भीबीडीसी पदाधिकारी डॉ सतीश कुमार, डीपीएम रेहान अशरफ, डीपीआरओ दिनेश कुमार, डब्ल्यूएचओ के जोनल कोऑर्डिनेटर माधुरी देवराजु, किरण फाइलेरिया पेशेंट सपोर्ट ग्रुप की नेटवर्क मेंबर की अबधा खातून, देवनारायण प्रसाद, पीरामल, पीसीआई, सीफार के प्रतिनिधि सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर जीविका दीदियों द्वारा निकाली गई जागरूक रैली

**चाणक्य भूमि | बेतिया**

लौरिया प्रखंड के अंतर्गत तिरंगा जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ, साठी, साथी जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ, धोबनी तथा उत्तम जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, लौरिया से संबंधित जीविका के दीदियों द्वारा सभी कार्यालय में फाइलेरिया उन्मूलन पर संगोष्ठी के उपरांत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज से दो वर्ष से ऊपर के सभी लोगों को दस फरवरी से चल रहे फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत आशा कार्यकर्ता द्वारा दिया जाने वाला दवाई का सेवन करना है। कार्यक्रम में पीसीआई से प्रखंड समन्वयक किशन सिन्हा, सामुदायिक समन्वयक श्रीमती प्रियंका केसरी, श्रीमती संचिता कुमारी, श्रीमती शिल्पी कुमारी, आरिफ अली, अमरेंद्र कुमार, निरंजन कुमार तथा संकुल स्तरीय संघ के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष



और जीविका दीदियां एवम कैडरो ने भाग लिया।

# गौनाहा में शिक्षा विभाग उड़ा रहा है सरकारी आदेश की धज्जियां

**राजकीय प्राथमिक विद्यालय धनौजी और खैरवा टोला , चार बजे से पहले ही हो जाते हैं बंद**

**चाणक्य भूमि | बेतिया**

गौनाहा प्रखण्ड अंतगर्त्त दिनाँक 8 फरवरी 2024 वृहस्पतिवार वार को ग्राम पंचायत राज धनौजी के राजकीय प्राथमिक विद्यालय धनौजी और राजकीय प्राथमिक विद्यालय खैरवा टोला समय से पूर्व यानी कि दोपहर चार बजे के पहले ही बंद हो जाते हैं। सूत्रों के अनुसार आज दोपहर 3 : 45 बजे राजकीय प्राथमिक विद्यालय धनौजी बंद हो चुका है। और विद्यालय से समस्त वर्ग कक्ष में ताले लटक रहे हैं। विद्यालय के बाहर प्रधानाध्यापिका रजनी कुमारी और सहायक शिक्षक अनन्त कुमार दिखे। वही प्रधानाध्यापक रजनी कुमार ने बताया कि शिक्षिका ममता कुमारी , शिला कुमारी ,रागनी कुमारी और शिक्षक शैलेश कुमार सभी लोग अपने अपने कार्यों को लेकर सम्बन्धित कार्यालय गए हुए हैं। वही राजकीय प्राथमिक विद्यालय खैरवा टोला में प्रधानाध्यापक हरेंद्र राय , सहायक शिक्षिका प्रतिमा कुमारी और सना असरफ इन तीनों में से कोई भी विद्यालय में नही हैं। जब खैरवा टोला के प्रधानाध्यापक हरेंद्र राय से फोन पर कारण पूछा गया तो उन्होंने कोई संतोषजनक उत्तर नही दिया। ग्रामीणों ने बताया कि ये विद्यालय भगवान भरोसे ही संचालित होते हैं। रही बात शिक्षा विभाग की लंबे लंबे फरमानों की तो यहां सरेआम इसकी धज्जियां तो उड़ाई ही जा रही है। इसका मतलब केवल




कागजी घोड़े ही दौड़ रहे हैं। और गौनाहा प्रखण्ड के शिक्षा विभाग में मनमानी की बल्ले बल्ले ही हैं। वही प्रभारी शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि इसकी जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।
















स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित । किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714